Seventeenth Loksabha

>

Title: demand to take action against the HIV positive drug users of Amritsar in Punjab and take remedial measures.

श्री गुरजीत सिंह औजला (अमृतसर): स्पीकर साहब आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपका ध्यान पंजाब की एक बहुत बड़ी समस्या पर दिलाना चाहता हूं, जिसका प्रभाव मेरे संसदीय क्षेत्र पर भी पड़ रहा है । पंजाब में पिछले पांच सालों में एचआईवी एड्स के मरीज 34 परसेंट बढ़े हैं । इस बढ़ोतरी के साथ करीब साढे आठ लाख एचआईवी पेशेंट पूरे हिन्दुस्तान में हैं, उसका 12.29 परसेंट का हिस्सा पंजाब में बढ़ा है । सर, इसकी एक वजह है । इंजेक्टेबल ड्रग यूजर का जो टीका लगाते हैं, उसकी समस्या अमृतसर में बहुत ज्यादा है । पंजाब के अमृतसर शहर में 16,500 पेशेंट है । इसके लिए पंजाब सरकार ने कोशिश की है । पंजाब सरकार ने ऑड क्लिनिक खोले हैं । सात लाख बीस हजार लोग जो ड्रग्स लेते हैं, उनमें से सिर्फ दो लाख दस हजार लोग ऑड क्लिनिक तक पहुंचे हैं । यह समस्या बहुत ज्यादा बढ़ती जा रही है । अमृतसर शहर में लोग कष्ट कम करने के लिए आते हैं, लेकिन जब ऐसी खबरें न्यूजपेपर्स में आती हैं तो यह बहुत शर्म की बात होती है । मेरी आप से दरख्वास्त है कि सरकार इस बीमारी के ऊपर ध्यान दे । जो लोग ड्रग्स लेते हैं, वे तो लेते ही हैं । उनकी जरूरत बढ़ गई है । बेरोजगारी की वजह से और पाकिस्तान की वजह से यह समस्या बहुत बढ़ गई है । मेरी आपसे दरख्वास्त है कि सरकार इस पर एक्शन ले और ज्यादा से ज्यादा दवाइयां उपलब्ध कराए और उनके इलाज का प्रबंध करे ।